कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर गणित के सवाल हल कराए

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल गुरूवार को आंबासर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के तहत कैटल शेड निर्माण, मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र, उच्च प्राथमिक विद्यालय, उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवास का अवलोकन किया। उन्होंने राजीव गांधी सेवा केन्द्र में जनसुनवाई भी की।

जिला कलेक्टर ने आंबासर में सूरजादेवी बाबूलाल मेघवाल के खेत में मनरेगा के तहत 1.5 लाख रुपये की लागत से बने कैटल शेड, टांका निर्माण तथा वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन किया। सुजासर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया तथा विद्यार्थियों से गणित के सवाल हल करवाएं। जिला कलेक्टर ने विद्यालय में बच्चों का अध्यापक बनकर उनकी अभ्यास पुस्तिका का अवलोकन किया तथा बोर्ड पर सवाल भी हल किए। जिला कलेक्टर ने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शत प्रतिशत पंजीकृत बच्चों को आंगनबाड़ी में लाया जाए। इस दौरान उन्होंने पोषाहार का भी निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने उप स्वास्थ्य केन्द्र में एसडीआर रजिस्टर का अवलोकन किया तथा दवा केन्द्र पर दवाईयों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित गर्भवती महिला के ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की जांच मौके पर करवाई तथा हीमोग्लोबिन 9 ग्राम पाए जाने पर हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने एवं आवश्यक चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए कहा।



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने आंबासर में विद्यालय निरीक्षण के दौरान बच्चों को गणित के सवाल ब्लैक बोर्ड पर हल करके समझाए।

जिला कलेक्टर ने टीकाकरण के लिए आई हुई महिला से भी उप स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। जिला कलेक्टर ने आंबासर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पुष्पा पत्नी राजूराम के आवास का अवलोकन किया तथा योजना के तहत दी जाने वाली किस्तों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजीव गांधी सेवा केन्द्र में जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खेल मैदान के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाने की मांग की, जिस पर वस्तुस्थिति रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना तथा योजना के बारे में अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत शत प्रतिशत पंजीकरण हो। उन्होंने बच्चों को नशाखोरी से दूर रखने के लिए बच्चों का खेल में एवं पौधारोपण के कार्यों में जुड़ाव करें। इस दौरान विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा तथा मनरेगा के अधीक्षण अभियंता धीरसिंह गोदारा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

टास्क फोर्स की बैठक आयोजित : बालश्रम रोकथाम के लिए जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत गठित टास्क फोर्स की गुरूवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) पंकज शर्मा ने अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी ली।

शर्मा ने कहा कि टीमें औद्योगिक इकाई, होटल एवं रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण करें तथा जिन-जिन क्षेत्रों में निरीक्षण करें। उनकी क्षेत्रवार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने पुनर्वास गतिविधि में तेजी लाने के निर्देश दिए।

- **मनरेगा के तहत 1.5 लाख रुपये की लागत से बने कैटल शेड, टांका निर्माण तथा वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन किया**

उन्होंने संबंधित एजेंसियों से समन्वय करते हुए कार्य करने को कहा। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एलडी पंवार, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता कविता स्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

शिविर 27 को : विशेष योग्यजन आयुक्त आपके द्वार मिशन तहसील 392 के तहत तहसील स्तर पर शिविर आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि 27 सितम्बर को तहसील नोखा में सुबह 9.30 बजे, कोलायत में दोपहर एक बजे व बज्जू में अपरान्ह 4 बजे शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 28 सितम्बर को छतरगढ़ में सुबह साढे नौ बजे, खाजूवाला में दोपहर एक बजे और पूगल में अपरान्ह 4 बजे शिविर आयोजित होंगे। 29 सितम्बर को सुबह साढे नौ बजे लूणकरनसर, दोपहर एक बजे श्रीडूंगरगढ़ व अपरान्ह 4 बजे बीकानेर में शिविर आयोजित होगा। इस दौरान विशेष योग्यजन से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

जाम्भाणी साहित्य सदन का शिलान्यास कल

बीकानेर,(कासं)। बिश्नोई समाज के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक मुक्तिधाम मुकाम में 24 सितम्बर को जाम्भाणी साहित्य अकादमी द्वारा बनाये जा रहे जाम्भाणी साहित्य सदन का शिलान्यास किया जायेगा।

जांभाणी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय प्रेस प्रभारी पृथ्वी सिंह बेनीवाल ने बताया कि नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई की अध्यक्षता में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के संरक्षक बिश्नोई चौ. कुलदीप बिश्नोई मुक्तिधाम मुकाम-सम्भराथल मार्ग पर बनने जा रहे जाम्भाणी साहित्य सदन का शिलान्यास करेंगे।

इसके साथ साथ राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत व अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेन्द्र बूड़िया अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। महासभा उपाध्यक्ष पतराम लोहमरोड़ व जोधपुर से पूर्व जिला पार्षद समाजसेवी और उद्योगपति पप्पूराम डारा विशिष्ट अतिथि के तौर पर समारोह में भाग लेंगे। साथ ही समारोह में महंत शिवदास महाराज रूड़कली (जोधपुर), स्वामी रामानंद आचार्य मुकाम, स्वामी भागीरथदास आचार्य जाजीवाल धोरा, महंत डॉ गोवर्धन राम आचार्य सोनड़ी (बाड़मेर) महंत छगनप्रकाश सम्भराथल धोरा, महंत रामकृष्ण सम्भराथल धोरा, महंत भगवानदास जाम्भा (अगूणी), महंत प्रेमदास जाम्भा (आथूणी), प्रसिद्ध कथावाचक स्वामी राजेन्द्रानन्द (बिश्नोई सेवा आश्रम, हरिद्वार), महंत सच्चिदानंद आचार्य लालासर साथरी और महंत मनोहर दास शास्त्री महराणा धोरा (पंजाब) समारोह में उपस्थित रहकर आशीर्वाद देंगे।

सार-समाचार

सीएमएचओ डॉ पंवार का अभिनंदन

नोखा,(कासं)। गुरूवार को नोखा पहुंचे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहमद अबरार पंवार का यहां बीसीएमओ कार्यालय में अभिनंदन किया गया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैलाश गहलोत ने साफा पहनाकर व डॉ अरविंद राजपुरोहित ने गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान डॉ पंवार ने कहा कि फील्ड स्टाफ के साथ समन्वय स्थापित कर आमजन को सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर आमजन को लाभ दिलाना ही उनकी प्राथमिकता हैं। डॉ पंवार ने इससे पूर्व जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अभिनंदन कार्यक्रम में डॉ दिव्या गोलछा, डॉ सुभाष तरड़, बीपीएम दिनेश रंगा, बीएचएस दिनेश आचार्य, नर्सिंग ऑफिसर सहस्त्रकरण उपाध्याय, बीएनओ गणेश तालनिया, मनीष ओझा, भानीराम, विनोद खींची, दीपक शर्मा, निर्मल तेजी, सद्दाम हुसैन, हरीश पारीक, दिनेश गोदारा, शिव बिश्नोई, उमेश कुमार सहित बीसीएमओ व जिला चिकित्सालय का स्टाफ आदि मौजूद था।

टीम ने 200 किलो तंबाकू सीज किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। राज्य सरकार की ओर से प्रतिबंधित तंबाकू का अवैध रूप से सरेआम, सरेराह बेचान कर रहे एक दुकानदार पर गुरुवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। यहां से करीब दो सौ किलो खुला तंबाकू बरामद किया। जिसे विभाग ने सैंपल लेकर सीज किया। सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्रवाई डिप्टी सीएमएचओ डॉ. करण आर्य, ड्रग इंस्पेक्टर सुखदीप कौर, कोटपा प्रभारी अजय सिंह शेखावत एवं सीओआईईसी विनोद बिश्रोई ने की।

इस संबंध में विभाग को सूचना मिली कि रिको स्थित एक दुकान पर सरेआम खुला तंबाकू बेचान किया जा रहा है। इस पर विभागीय टीम ने बुधवार को रिको में जांच की तो सूचना की पुष्टि हुई। जिस पर गुरुवार को टीम ने श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ मुख्य मार्ग पर रिको स्थित चौधरी तंबाकू व हुक्का स्टोर पर दबिश दी, जहां हरियाणा निवासी दुकानदार ओम प्रकाश तंबाकू का बेचान करते हुए मिले। यहां जांच करने पर थैलियों व खुले में तंबाकू मिला। यहां से करीब 200 किलो तंबाकू मिला जिसे सीज किया। गया। विभागीय टीम ने दुकानदार को भविष्य में तंबाकू बेचान न करने के लिए पाबंद किया। विभाग की ओर से अब दुकानदार के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा।

किसान को मिलेंगे यूरिया के छह थैले

अनूपगढ़, (कासं)। नई धान मंडी में गुरूवार को यूरिया खाद की नई खेप पहुंची। जैसे ही किसानों को इसकी जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में किसान मंडी में पहुंच गए। देखते ही देखते यहां किसानों की कतार लग गई। सिंचाई विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी और पुलिस प्रशासन की देखरेख में यूरिया वितरित करवाई जा रही है। नई धान मंडी में राजीव कुमार-अरुण कुमार फर्म के मालिक राजीव डांग ने बताया कि आज किसानों को 10 हजार थैले यूरिया खाद के वितरित किए जायेंगे।

नहर में कटाव से लाखों रुपये की ग्वार की फसल चौपट

बीकानेर,(कासं)। इंदिरा गांधी नहर में आये कटाव को समय पर दुरूस्त नहीं करने से खाजूवाला के किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। नहर का पानी खेतों में पहुंच गया, जिससे लाखों रुपये की ग्वार की फसल बर्बाद हो गई। वहीं दो किसानों के खेत में लगे ट्यूबवैल भी पूरी तरह खराब हो गए। वहीं इन किसानों को नहर विभाग से मुआवजा मिलने की उम्मीद भी कम लग रही है।

इंदिरा गांधी नहर की पूगल ब्रांच में नहर में कटाव आया था। शुरूआत में ये कटाव छोटा था, तब किसानों ने नहर विभाग के आला अधिकारियों को सूचना कर दी। कल तक ये कटाव दो सौ फीट तक फैल गया। रात तक करीब तीन सौ फीट के कटाव से पानी खेतों में पहुंच रहा था।

शुरूआती तौर पर नहर विभाग ने काम शुरू कर दिया है लेकिन विभागीय अधिकारियों के समय पर नहीं आने से भारी नुकसान हुआ।

- **इंदिरा गांधी नहर की पूगल ब्रांच में नहर में आये कटाव को समय पर दुरूस्त नहीं करने से हुआ नुकसान**
- **खेत में पानी भरने से करीब पचास बीघा जमीन में लगी ग्वार की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई**

करीब पचास बीघा जमीन में लगी ग्वार की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। इस फसल की कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। दो खेतों में लगे ट्यूबवैल भी अत्यधिक पानी के कारण खराब हो गए। इन ट्यूबवैल की मोटर खराब हो गई है।

बुधवार से ही खाजूवाला के आनन्दगढ़, दंतौर और जीरो आरडी से टेल तक के किसानों को पानी मिलना था। बुधवार से शुक्रवार तक पानी की बारी थी लेकिन ये तीनों दिन पानी आगे नहीं जा सकेगा।

अब किसान तीन दिन पानी की बारी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि इन गांवों के सैकड़ों बीघा जमीन में खड़ी ग्वार और मूंग की फसल की प्यास बुझ सके। पूर्व विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल गुरूवार को मौके पर पहुंच गए थे। इसके बाद ही तहसीलदार व अन्य अधिकारी आए। डॉ. विश्वनाथ ने विरोध दर्ज कराया कि समय रहते अगर नहर की मरम्मत हो जाती तो किसानों को इतने भारी नुकसान का सामना नहीं करना पड़ता।

सड़क हादसे में घायल की मौत

हनुमानगढ़,(कासं)। जिले के टाउन थाना क्षेत्र के 22 एनडीआर गांव के पास जीप की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में टाउन पुलिस थाने में जीप चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है।

एएसआई रतनलाल ने बताया कि मदनलाल (48) पुत्र देवीलाल जाट निवासी चक 21 एनडीआर ढाणी ग्राम पंचायत चोटियांवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका चचेरा भाई संदीप जाट 18 सितम्बर को करीब 12 बजे अपनी बाइक से पेस्टीसाइड लेने के लिए टाउन जा रहा था। जब वह सरजीत रोझ की ढाणी के पास पहुंचा तो तेजी से आ रही जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद जीप चालक जसवंत शर्मा निवासी किशनपुरा घायल को हॉस्पिटल लेकर गया। हालत गंभीर होने पर संदीप को जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर में इलाज के दौरान बुधवार सुबह संदीप की मौत हो गई।

दोस्त को मरा छोड़कर भागे युवक

श्रीगंगानगर, (कासं)। युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया। युवक के दोस्त उसे घर से बुलाकर लेकर गए थे। करीब पांच घंटे के बाद उसे मृत हालत में घर छोड़ने आये। घरवालों ने पूछा तो भाग गए।

परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर बुधवार को शव परिजनों को सौंपा। मृतक के दोस्तों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच सीओ एससी एसटी विक्की नागपाल को दी गई है।

गांव 41 पीएस के जगसीर सिंह पुत्र तुलसीर सिंह ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई सुरेश मंगलवार शाम अपने परिचित युवक गांव 42 पीएस के हरजीत सिंह पुत्र भगवंत सिंह, गुलशन पुत्र दर्शन सिंह और सोनू पुत्र संतोख के साथ कार में गया था। रात करीब पौने ग्यारह बजे हरजीत और गुलशन उसे घर लेकर आये और घर में रखी चारपाई पर डाल दिया। जब जगसीर ने उनसे सुरेश की इस हालत के बारे में पूछा तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी और मौके से फरार हो गए।

- **परिवार ने हत्या का आरोप लगाया, बोले दोस्त घर से बुलाकर लेकर गए थे**

परिवार के लोगों ने युवक को संभाला तो वह मृत था। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में ररखवा दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या हुई है। गुरुवार रात समेजा कोठी थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया। जांच सीओ नागपाल को सौंपी।

हौद में गिरने से ढाई और डेढ़ साल के मासूम भाईयों की मौत

बीकानेर,(कासं)। घर के आंगन में खेल रहे दो भाईयों की हौद में डूबने से मौत हो गई। हादसे के दौरान मां बाथरूम में थी और पिता काम पर गए थे। मां ने जब बेटों को ढूंढा तो नहीं मिले। हौद में जाकर देखा तो दोनों बेटों की लाश तैर रही थी।

मामला देशनोक थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार शिवलाल खुद सुबह छह बजे मजदूरी पर चला गया था। सुबह उसकी पत्नी नहाने गई और वापस आई तो दो बेटे विष्णु (ढाई साल) और हरिओम (डेढ़ साल) नजर नहीं आये। काफी देर इधर-उधर ढूंढने के बाद उसकी नजर घर के आंगन में बने कुंड पर पड़ी जो खुला था। अंदर झांककर देखा तो मां का कलेजा ही बैठ गया। दोनों बच्चों की लाश पानी में तैर रही थी। उसने पड़ौसियों को बुलाया तो बच्चों को बाहर निकाला गया। बच्चों की लाश देखकर मां बेसुध हो गई। शिवलाल को पड़ौसियों ने ही फोन करके बुलाया। तुरंत बच्चों को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। काफी देर तक बच्चे इस कुंड में रहे। ऐसे में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिए हैं।

- **मां नहाने गई तो आंगन में खेलते हुए दोनों हौद में जा गिरे**

दरअसल ये हादसा लापरवाही के कारण हुआ। घर के आंगन में ही हौद बना हुआ है। हौद का गेट है लेकिन वो खुला पड़ा था। ऐसे में ढाई व डेढ़ साल के बच्चे खेलते हुए वहां पहुंच गए। एक के बाद एक दोनों इस हौद में गिर गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद कस्बे में शिवलाल के घर के आगे भीड़ जमा हो गई है। शिवलाल के दो ही बेटे थे और दोनों की इस दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। मां को बार-बार पानी छिड़ककर उठाया जा रहा है तो पिता शिवलाल खुद बदहवास सा इधर से उधर घूम रहा है।

मतदाता सूची पर आपत्ति 27 तक

बीकानेर,(कासं)। नगर निगम के रिक्त हुए वार्ड संख्या 5 के उपचुनाव की मतदाता सूची पर आपत्तियां 27 सितम्बर तक दर्ज करवाई जा सकेगी।

नगर निगम निर्वाचक पंजीयन अधिकारी पंकज शर्मा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2022 के अनुसार मतदाता सूची, मतदान केन्द्रों पर रखी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मतदाता किसी प्रविष्टि पर दावा, आपत्ति दर्ज करवाने के लिए वार्ड 5 के मतदान केन्द्र जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय भीनासर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगाशहर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भीनासर में दोपहर 2 से 5 बजे तक व विशेष अभियान के तहत 25 सितम्बर को बीएलओ के समक्ष 10 से 5 बजे तक उपस्थित हो सकते हैं।

गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार

हनुमानगढ़,(कासं)। पुलिस ने गैंगरेप के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने महिला को ऑनलाइन काम दिलवाने के नाम पर पंजाब से बुलाकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में गैंपरेप की बात कबूल कर ली है।

सीओ सिटी प्रशांत कौशिक ने बताया कि पंजाब की रहने वाली महिला ने पुलिस थाने में गैंगरेप का मामला दर्ज कराया था। महिला ने पुलिस को बताया कि रामकुमार नाम के व्यक्ति से उसकी जान-पहचान काफी समय पहले हुई थी। आरोपी रामकुमार ने ऑनलाइन काम दिलवाने के नाम पर महिला को हनुमानगढ़ बुलाया और बस स्टैंड से अपने साथी मनी के साथ 19 सितम्बर को हिरणावाली के पास खेत में ले जाकर दोनों ने गैंगरेप किया।

मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने गैंगरेप की बात कबूल कर ली। जिसके बाद पुलिस ने गुरूवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं नाबालिग स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में महिला थाना पुलिस ने गुरूवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। छात्रों ने 24 अगस्त को 2 युवकों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया था। जांच अधिकारी एससीएसटी सेल सीओ प्रहलाद राय ने बताया कि गांव मुण्डा निवासी 17 वर्षीय स्कूली छात्रा ने 24 अगस्त को महिला पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था।

रिपोर्ट में बताया कि उसके गांव के मुकेश भाट पुत्र हनुमान भाट और प्रेम भाट स्कूल जाते समय उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं।

विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हैं। इस मामले में आरोपी प्रेम कुमार भाट निवासी मुण्डा पीएस हनुमानगढ़ टाउन को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में दूसरा आरोपी मुकेश भाट फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

माहेश्वरी खेल महोत्सव 28 से

बीकानेर,(कासं)। माहेश्वरी समाज की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बीकानेर में किया जायेगा। प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मोहता, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर पेड़ीवाल व संगठन मंत्री बलदेव मूंधड़ा ने बताया कि उत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस स्पर्द्धा में देश भर से समाज की क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड, शतरंज आदि खेल की टीमें हिस्सा लेगी। क्रिकेट व वॉलीबॉल केवल पुरुषों की टीम के मध्य होंगे व शेष खेल महिला व पुरूष दोनों टीमों के होंगे।

Form No. 14 [See Regulation 33(2)]
Notice Under Rule 2 of Second Schedule to the Income Tax Act 1961
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JAIPUR
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothi Shopping Centre, Tonk Road, Jaipur-302015
Dispatch No. DRT/JP/5341 Date: 12.09.2022
R.C. No. 457/2022 12/09/22 Next Date:
Punjab National Bank ...Certificate Holder
Versus
M/s Choudhary Gum and Derivatives & Ors. ...Certificate Debtor
DEMAND NOTICE
To,1. M/s. Choudhary Gum and Derivatives, through its Partners Om Prakash Tarar & Amandeep Tarar, Shop No. 26-B, Old Dhan Mandi, Sadulsahar, Sri Ganganagar, Rajasthan. And also at-Plot No. 57 to 60, RIICO Industrial Area, Sadulshahar, Sri Ganganagar (Raj.)
2. Shri Om Prakash Tarar, S/o Shri Gopi Ram (Partner) 3-H16, Jawahar Nagar, Sri Ganganagar (Raj.) Also at- Ward No. 9, Near OBC Bank (Now PNB) Sadulshahar, Sri Ganganagar (Raj.) And also at- Near Gupta Medical Store, Sadulshahaar, Sri Ganganagar (Raj.) 335062
3. Shri Amandeep Tarar, S/o Shri Om Prakash Tarar (Partner) 3-H-16, Jawahar Nagar, Sri Ganganagar (Raj.) Also at-Ward No 9, Near OBC Bank (Now PNB) Sadulshahar, Sri Ganganagar (Raj.)
4. Choudharay Buildmart Pvt. Ltd, (through its Directors Om Prakash Tarar & Amandeep Tarar), 404, 4th Floor, KJ City Tower, Ashok Marg, C-Scheme, Jaipur (Raj.) 302001 And also at-6th Floor, Office No. 9 & 10, CGR Mall, Chahal Chowk, Sri Ganganagar (Raj.) 335001.
5. Smt. Sunita Devi Choudhary W/o Shri Amandeep Tarar, Ward No. 9, Near OBC Bank (Now PNB) Sadulshahar, Sri Ganganagar (Raj.). And also at-3-H-16, Jawahar Nagar, Sri Ganganagar (Raj.)
In view of the Recovery Certificate issued in **O.A. No. 394/2021** passed by the Presiding Officer, DRT-Jaipur for an amount of **Rs. 17,53,87,425/- (Rupees Seventeen Crore Fifty Three Lakhs Eighty Seven Thousand Four Hundred Twenty Five Only)** and interest thereon as per Recovery Certificate is due against you. **1.** You are hereby called upon to deposit the above sum within 15 days of the receipt of the notice, failing which the recovery shall be made as per rules. **2.**You are, hereby ordered to appear before the undersigned on **30.09.2022** at 11:00 AM. **3.** In additions to the sum aforesaid you will be liable to pay: **(a)** Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the execution proceedings. **(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and other process that may be taken for recovering the amount due.
DETAILS OF AMOUNT IN THE RECOVERY CERTIFICATE DUE AGAINST YOU

(1) Certificate Dues	Rs. 17,53,87,425/-
(2) Cost of the Suit	Rs. 1,52,085/-
(3) Interest from 05.08.2021 to 31.08.2022 @10.00% p.a. Simple Interest	Rs. 1,88,36,129/-
(4) Less Recovery (if any)	Rs. 2,67,25,937/-
(5) Total Dues	Rs. 16,76,49,702/-
(6) Charges	Rs. 11,93,000/-
(7) Grand Total	Rs. 16,88,42,702/-

Seal
Recovery Officer-I
Debt Recovery Tribunal, Jaipur

भाजपाईयों ने लम्पी से बचाने के लिए गायों को आयुर्वेदिक औषधि युक्त लापसी खिलाई

बीकानेर,(कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य आयोजित किए जा रहे 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के अंतर्गत गुरूवार को शहर भाजपा किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और पंचायती राज प्रकोष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा नोखा रोड स्थित नंदी गौशाला में गौवंश को पौष्टिक आहार और आयुर्वेदिक औषधि युक्त लापसी खिलाकर तथा देशी दवाईयां देते हुए सैनिटाइज कर सेवा कार्य किया गया।

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एडवोकेट श्यामसुन्दर चौधरी ने बताया कि मोर्चा कार्यकर्ताओं ने वर्तमान में गौमाता पर कहर बनकर टूटी लम्पी बीमारी के विकट दौर में अपने सामाजिक सरोकारों को समझते हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों में इस महत्वपूर्ण सेवाकार्य को सम्मिलित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की अकर्मण्यता, प्रशासन की नाकामी, पशु चिकित्सा विभाग में संसाधनों और दवाईयों के अभाव के चलते इस रोग ने महामारी का रूप ले लिया है। लम्पी रोग से हुए गौवंश के भारी नुकसान, हजारों की संख्या में अकाल मृत्यु के कारण पशु आधारित अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजाराम सींगड़ ने कहा कि कांग्रेस की राज्य सरकार के द्वारा गौमाता के साथ जिस प्रकार से घिनौना कृत्य किया जा रहा है, वह अति निंदनीय है। प्रदेश के मुखिया गौ-माता का अपमान करने से भी नहीं झिझक रहे हैं और उनकी अकर्मण्यता का ही परिणाम है कि प्रदेश में लाखों गाएं अकारण काल का ग्रास बन चुकी है। पंचायती राज प्रकोष्ठ सह संयोजक विकास कौशिक कौशिक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मोदी जी के आव्हान के अनुसार सदैव सेवा और समर्पण कार्य को ही सर्वोपरि मानते हैं और इस संकटकाल में भी पार्टी कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से गौवंश की सेवा करेंगे । गौवंश सेवाकार्य में जिला मंत्री और पखवाड़ा कार्यक्रम सहसंयोजक प्रोमिला गौतम, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष और पखवाड़ा कार्यक्रम सहसंयोजक श्यामसुंदर चौधरी, रामचंद्र सोनी सहित आदि मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बीकानेर में सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौवंश को आयुर्वेदिक औषधि युक्त लापसी खिलाकर सेवा की।

- **सेवा पखवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की गौवंश की सेवा**

पिस्तौल तान की लूटपाट

हनुमानगढ़,(कासं)। जिले के संगरिया थाना क्षेत्र के हरीपुरा गांव में एक युवक के साथ लूट का मामला सामने आया है। बाइक पर सवार होकर आए 3 नकाबपोश बदमाशों ने मोबाइल, रुपए और बाइक लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर तीनों लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

एएसआई शिशपाल ने बताया कि सत्यपाल (33) पुत्र हेतराम कुम्हार निवासी हरीपुरा ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि वह मंगलवार को बाइक लेकर डबवाली गया हुआ था। वह रात को वापस अपने गांव हरीपुरा आ रहा था। रात करीब साढ़े 9 बजे जाखड़ों की डिग्गी के पास पहुंचा तो 3 अज्ञात लोग पीछे से बाइक पर सवार होकर आए। तीनों ने अपना मुंह कपड़े से ढका था। बदमाशों ने लात मारकर उसकी बाइक गिरा दी। जिसकी वजह से उसका एक पैर बाइक के नीचे दब गया। एक बदमाश ने पिस्तौल निकालकर उसकी कनपटी पर तान दी और जेब से पर्स और मोबाइल छीन लिया।

कार्यालय नगरपालिका रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर(राज.)
Web Site:http//urban//.rajasthangov.in@ulbraisinghnagar Phone/Fax No.01507-221023 E-mail nagarpalikarsnr@gmail.com, nagarpalika.rsnr.@Yahoo.in
क्रमांक:न.पा.रा/भूमि/राजस्व/2022-23/2406 दिनांक:-19.9.2022
आपत्ति सूचना
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री मन्शा सिंह जाति-जटसिख निवासी-वार्ड नं.08, रायसिंहनगर के द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रार्थना पत्र के साथ शपथ-पत्र, किराया जमा रसीद, शपथ-पत्र बाबत हक त्याग, मृत्यु प्रमाण-पत्र, न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, रायसिंहनगर, द्वारा जारी उतराधिकार प्रमाण-पत्र व नक्शा आदि दस्तावेज प्रस्तुत कर तहबाजारी दुकान सं.614 साईज 10'X20' का नगरपालिका द्वारा तहबाजारी किराये पर दी गई व्यवसायकि सम्पतियों का नियमन करने हेतु आवेदन किया है। उक्त दुकान किराये पर श्री मन्शा सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह जाति -जटसिख के नाम से आवंटन थी। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण -पत्र अनुसार श्री मन्शा सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह की मृत्यु दिनांक 26.11.2018 को हुई। प्रस्तुत न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, रायसिंहनगर द्वारा जारी उतराधिकार प्रमाण-पत्र दिनांक 11.09.2018 अनुसार श्री मन्शा सिंह पुत्र श्री सोहनसिंह के निम्नांकित जायज वारिस है :-1.श्रीमती सुरेन्द्र कौर-पत्नि 2.श्री बलजीत सिंह -पुत्र 3.श्री लखबीर सिंह -पुत्र 4.सुखबीर कौर-पुत्री। कुल 4 जायज वारिस है। प्रस्तुत नोटेरी से तस्दीक शपथ-पत्र बाबत हक त्याग दिनांक 16.6.2022 अनुसार उक्त दुकान सुरेन्द्र कौर पत्नि श्री मन्शा सिंह ,लखबीर सिंह, सुखबीर कोर सन्तान श्री मन्शा सिंह ने अपना 3/4 हिस्सा अपने पुत्र व भाई श्